तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025

02 जलग्रहण संरक्षण की दिशा पर मनाया वाटरशेड महोत्सव

04 खण्डसरा हायर सेकंडरी में प्रतियोगी परीक्षा ...




## खबर संक्षेप

### चेन स्नेचिंग करने वाले तीन युवक पकड़ गए

**भिलाई।** बुधवार को हुए चेन स्नेचिंग मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि मॉर्निंग वॉक पर निकले शशि श्रीवास्तव सड़क 23, सेक्टर-10 में टहल रही थीं। तभी तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवक रुके। बाइक में पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारा और गले से सोने की चेन खींचकर फरार हो गया। दूसरी घटना भट्टी थाना क्षेत्र का है। जहां अमृत बाई साहू सड़क 12, एवेन्यू-सी की ओर पैदल जा रही थीं। तभी सेक्टर-1 स्कूल के पास पहुंची तभी बाइक सवार दो युवक पहुंचे और स्वेटर के भीतर कीड़ा चलने का झांसा देकर गले से चेन पार कर दिया। दोनों आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने आसपास के सीसी कैमरों को खंगाला शुरु किया। जिसमें आरोपियों की खोजबीन शुरू की। इसमें अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव के 911 मामलों में कार्रवाई

**भिलाई।** यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2024 के जनवरी से अक्टूबर माह के बीच ड्रिंक-एंड-ड्राइव के विरुद्ध कुल 239 कार्रवाई की गई थी। इस बार यानी वर्ष 2025 में 911 मामलों में जुर्माना वसूला गया है। पिछले वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुने से अधिक है। प्रत्येक मामले में संबंधित वाहनों को जप्त कर विधिवत प्रकरण तैयार कर न्यायालय भेजा गया है।

# जिला अस्पताल में गर्भवती माताओं के लिए विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और सरकारी सहायता सेवाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला अस्पता के एमसीएच वार्ड में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मवन स्टॉप सेंटर की साइकोसोशल काउंसलर लक्ष्मी वर्मा एवं सुरक्षा गार्ड एकता कुर्रे ने एएनसी जांच कराने पहुंची गर्भवती माताओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुरक्षा सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान गर्भवती माताओं को बताया गया कि प्रथम संतान पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 5000 की सहायता दो किस्तों में दी जाती है। द्वितीय संतान यदि बालिका जन्म लेती है, तो माताओं को 6000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना गर्भवती महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य जाँच तथा प्रसव पूर्व देखभाल को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

■ सखी वन स्टॉप सेंटर ने 24×7 सुरक्षा एवं हेल्पलाइन सेवाओं का परिचय कराया

माताओं को बताया गया कि अब वे अपनी किसी भी समस्या, योजना संबंधी जानकारी या सहायता हेतु नए टोल-फ्री नंबर 1515 पर सीधे संपर्क कर सकती हैं। यह नंबर त्वरित समाधान उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया गया है और हितग्राहियों के लिए अत्यंत उपयोगी है।



### 13 दिसंबर-108 कन्या सामूहिक विवाह समारोह

इस अवसर पर बताया गया कि 18 से 21 वर्ष आयु की वे युवतियाँ जिनका विवाह परिवार करना चाहता है, उनके परिजन अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। सखी वन स्टॉप सेंटर—महिलाओं की सुरक्षा हेतु एक समग्र सुविधा कार्यक्रम में उपस्थित माताओं को यह भी बताया गया कि सखी वन स्टॉप सेंटर, बेमेतरा जिला अस्पताल परिसर में 24×7 (24 घंटे, 7 दिन) खुला रहता है। यहाँ पीड़ित, संकटग्रस्त तथा सहायता चाहने वाली महिलाओं को चिकित्सा, पुलिस सहायता, कानूनी परामर्श, मनो-सामाजिक परामर्श सहित एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही, महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 181 की विस्तृत जानकारी भी दी गई, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान एमसीएच वार्ड में उपस्थित गर्भवती माताओं ने सभी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना।

## कार्रवाई

### शहर के उपभोक्ताओं पर 2 करोड़ 44 लाख बिजली बिल बकाया कटेंगे कनेक्शन

# विद्युत विभाग हुआ सख्त, अभियान चलाकर शहर के एक सौ 11 उपभोक्ताओं का काटा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विद्युत विभाग ने बकाया वसूली पर सख्त कार्रवाई में जुट गई है बकायदा विभाग ने सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में 10 टीम का गठन किया है जो शहर में महीनों से बिजली बिल नहीं भरने वालों का विद्युत कनेक्शन काटेगी। इसी अभियान पर शहर में शुक्रवार विभाग की टीम ने उन उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों पर अपनी धमक दी इस दौरान 1 सौ 11 बिजली उपभोक्ताओं की विद्युत लाइन काटा, वहीं लगभग 36 बकायादारों से 7 लाख 32 हजार रुपए भी वसूले। विभाग के एई गुलाब साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 हजार 7 सौ 55 शासकीय एवं अशासकीय उपभोक्ताओं पर कई महीनों का बिजली भुगतान बकाया है।जिनमें शहर के 5 हजार 44 घरों एवं प्रतिष्ठानों पर 2 करोड़ 44 लाख 88 हजार से अधिक का बकाया है। इसकी वसूली के लिए उच्चविभाग के अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित हुआ है जिसके तहत बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले के विरुद्ध विद्युत कंपनी ने डिस्कनेक्शन अभियान शुरू किया। जिसमें से विद्युत वितरण केन्द्रों में 10 टीमें गठित किया गया है।

■ डिस्कनेक्शन अभियान पर बकायादार उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों में पहुंची टीम



यह टीम हर रोज शहर के हर उन बकायदार घरों एवं प्रतिष्ठानों पर जाकर राशि वसूलेगी ,जिन उपभोक्ता राशि नहीं पटेगी उनका विद्युत डिस्कनेक्शन त्वरित ही मौके पर अभियान टीम द्वारा किया जाएगा उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि बिजली असुविधा से बचने वे भुगतान करें।

### शासकीय कार्यालयों के 9 करोड़ 82 लाख से अधिक का बकाया

विभाग से मिली जानकारी अनुसार शहर में पानी सप्लाई का ही विद्युत बिल 6 करोड़ 70 लाख 30 हजार रुपए जहां बकाया है वहीं स्ट्रीट लाइट कनेक्शन का 1 करोड़ 97 लाख 74 हजार रुपए का शासकीय कार्यालयों का बकाया है। जिसकी वसूली के लिए शासकीय विभागों को नोटिस देकर बकाया का शीघ्र ही भुगतान करने की बात विभाग के द्वारा बताई जा रही है।

# पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में वार्डों में हो रही एसआईआर गणना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में एसआईआर गणना का कार्य पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में हो रहा है, इस कार्य में सभी वार्ड वासी पूर्ण रूप से सहयोग कर रहे हैं.

इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे विशेष ग्रहण पुनरीक्षण के पत्रक को भरकर सभी को बीएलओ को सौंपना है इस बात को सभी को ध्यान में रखना होगा कि निर्धारित समय अवधि में सभी अपने फार्म जमा करे. भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता अपने आसपास रहने वाले सभी लोगों को विशेष गहन पुनरीक्षण फॉर्म भरने में सहायता करें तथा इस बात को ध्यान में रखें की कोई भी मतदाता गहन पुनरीक्षण से छूटने न पाए अन्यथा मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित हो जाएगा इसलिए आवश्यक है कि हम अपने आसपास के मतदाताओं का ध्यान रखें और विशेष गहन पुनरीक्षण में उनकी सहायता करें।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम
प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),
द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),
तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)
चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)
नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥
अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।
कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)
शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

आयोजन

# बीआरसी भवन में हुआ द्वितीय चरण स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का द्वितीय चरण प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बी आरसी भवन बेमेतरा में स्वयं सेवी शिक्षकों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला नोडल अधिकारी खोमलाल साहू, बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, शैक्षिक समन्वयक एवं प्रशिक्षण प्रभारी नीलकंठ शिवारे, शैक्षिक समन्वयक अब्दुल इमरान खान शैक्षिक समन्वयक सुखनंदन अनंत शैक्षिक समन्वयक सुनीता साहू, रजनी देवांगन, मास्टर ट्रेनर्स ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे एवं सुकन्या राजपूत के उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना नोडल अधिकारी एवं बीआरसी के द्वारा किया गया एवं मास्टर टेनर्स ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत गया। इसके पश्चात सभी प्रशिक्षार्थी को बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उल्लास साक्षरता पर प्रकाश डाला गया।

- टीएलएम और गतिविधियों के माध्यम से असाक्षरों को पढ़ाने की रणनीति पर जोर



इसके पश्चात नोडल अधिकारी खोम लाल साहू ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को विस्तृत रूप से समझाया एवं आगामी 7 दिसंबर 2025 को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक आकलन परीक्षा की तैयारी के लिए असाक्षरों को पूर्ण रूप तैयार करना है यह योजना भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है शत प्रतिशत भारत को पूर्ण साक्षर कर नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाना है। इसके पश्चात प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने सर्वप्रथम स्वयं सेवी शिक्षकों का पंजीयन किया गया। पंजीयन पश्चात प्रशिक्षण के मूल उद्देश्यों पर चर्चा किया गया। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर्स सुकन्या राजपूत ने भी सभी प्रशिक्षार्थियों को गतिविधियों के माध्यम से पंजीकृत कर सभी असाक्षरों किस तरह से पढ़ाया जाना है। और किस तरह से मोटिवेट कर उनको पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना है एवं उन लोगों को पढ़ने की क्या आवश्यकता है आदि बातों को अपने प्रशिक्षण के माध्यम से बताया इसके बाद दोपहर लंच में चाय नाश्ते की व्यवस्था की गई लंच ब्रेक के बाद पुनःप्रशिक्षण प्रारंभ की गई। जिसमें मास्टर ट्रेनर ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने प्रशिक्षार्थियों को टीएलएम के माध्यम से ग्रामीणों को कैसे पढ़ाया जाना है सरल भाषा में या उनके शब्दों में कैसे समझाया जाना है आदि को बताया गया हिंदी एवं गणित दोनों के लिए टीएलएम बनाकर बताया और ग्रामीणों से किस तरह से व्यवहार कर उनके दिल को कैसे जीता जाना है इस पर कई उदाहरण देकर ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने सभी स्वयंसेवी शिक्षकों को विस्तृत रूप से जानकारी दी असाक्षरों को पढ़ने के लिए जो पुस्तक दी गई है उस पुस्तक में बहुत ही आसान तरीका से समझ विकसित करने का प्रयास किया गया है बीच-बीच में सभी प्रशिक्षार्थियों को उल्लास ताली बजाकर उनमें जोश पैदा किया जा रहा था।

#### सभी की भागीदारी अनिवार्य

उल्लास कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सभी के लिए अनिवार्य शिक्षा के तहत लिया गया है। इस योजना अंतर्गत भारत के कोने-कोने से सभी असाक्षरों को अनिवार्य शिक्षा के तहत पढ़ने लिखने व साधारण जोड़ घटाव व हिसाब किताब करने की प्रक्रिया सिखाया जाना है इसमें हम सभी की भागीदारी अनिवार्य है। इस तरह से द्वितीय चरण स्वयंसेवी शिक्षकों की प्रशिक्षण संपन्न हो गया।

# नव नियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजय बघेल का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट



नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं सभापति जिला पंचायत कृषि समिति बेमेतरा अंजय बघेल का स्वागत विवेक शुक्ला व साथियों ने किया और नव दायित्व की अपेक्षाओं के लिए शुभकामनाए दी। इस अवसर पर नव जिला उपाध्यक्ष ने वरिष्ठ नेताओं के मार्ग दर्शन से छेत्र एवं जिले के कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही।

## नई भाजपा जिला कार्यकारिणी से नेताओं कार्यकर्ताओं में उत्साह



**नांदघाट।** जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहु ने अपनी बहुप्रतिक्षित कार्यकारिणि की घोषणा की जिसके साथ ही नवागढ़ विधानसभा छेत्र में खुशियों की लहर दौड़ गई। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष - अंजय बघेल , राजेश जैन के साथ मंत्री के रूप में मनीष जयसवाल सहित अन्य नेताओं के नाम देखकर, कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए। मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत सहित वरिष्ठ नेता बच्ची भैया, विवेक शुक्ला, रोहित निषाद, अरुण साहू, रामखेलावन वर्मा, अर्जुन घृतलहरे, कमल साहु, सीताराम साहु, लेखराम साहु, मनोज साहु, बिसौहा साहु, मनोज यादव, शैलेन्द्र अग्रवाल, सोमनाथ विश्वकर्मा, राजू चक्रधारी समेत क्षेत्र भर के नेताओं ने माननीय मंत्री, विधायक, बोर्ड अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया है।

# जलग्रहण संरक्षण की दिशा पर मनाया वाटरशेड महोत्सव

### ग्रामीणों और स्व-सहायता समूहों ने श्रमदान, नृत्य और प्रतियोगिताओं में बढ़ाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत डेहरी नाला एवं हरदास नाला (विकासखण्ड साजा) में वाटरशेड महोत्सव का भव्य आयोजन 20 नवंबर को ग्राम नवागांवखुर्द एवं समुंदवारा में किया गया। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों, स्व-सहायता समूहों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच फूलकुंवर साहू और उपसरपंच ओमकार साहू की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ के राजगीत अरपा पैरी के धार" से किया गया। अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के परिचय के बाद श्री देवराज पटेल (ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारी) ने ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन-तिलहन फसलों को अपनाने के लाभ बताए। श्री ईश्वर प्रसाद साहू ने जल संरक्षण, भविष्य की जल चुनौतियों और पानी बचाने के सरल उपायों पर प्रभावी जानकारी दी।

- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत डेहरी नाला और हरदास नाला में कार्यक्रम संपन्न

#### विद्यालय की बालिकाओं ने दी पारंपरिक सुवा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति

महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा पानी बचाने पर आधारित नाटक और आकर्षक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। समूहों ने श्रमदान कर निस्तारी तालाब और चेकडैम परिसर की सफाई की। कृषि संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन श्रीमति नीलिमा कोरी (अनुविभागीय कृषि अधिकारी सह परियोजना अधिकारी) ने वर्षा जल संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डालते हुए किया। अंत में सभी उपस्थितों को "जल संकल्प शपथ" दिलाई गई और जल संरक्षण संदेशों के साथ जन-जागरूकता रैली निकाली गई।

#### समुंदवारा में वृक्षारोपण, श्रमदान और जल पाठशाला

डब्लूडीसी 2.0/2 परियोजना के तहत ग्राम समुंदवारा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती अन्नु बाई चंद्राकर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण और चेकडैम परिसर में श्रमदान से हुई। श्री राजेंद्र गुप्ता (पंच) ने जल संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्राम चिखली की महिला स्व-सहायता समूह ने अपनी सफलता से जुड़ी प्रेरक बातें साझा कीं। महिलाओं द्वारा पारंपरिक सुवा नृत्य प्रस्तुत किया गया। **ये रहे मौजूद:** परियोजना अधिकारी संतोष गोंड ने जलग्रहण विकास परियोजना के उद्देश्यों और लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच अन्नु बाई चंद्राकर, राजेंद्र गुप्ता, रविंद्र चंद्राकर, पूर्व सरपंच गुपेश्वर पटेल, शेखर पटेल, अमन सिंह चौहान, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, वाटरशेड सचिव, स्व-सहायता समूह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पोलमी में रजत जयंती पर विद्यार्थियों ने दिखाया नवाचार का हुनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुई कुकदूर

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) की रजत जयंती के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में रंगोली एवं सौर ऊर्जा आधारित एलईडी लाइट मॉडल निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। वहीं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रेडा अधिकारी स्वराज यादव, क्रेडा सहायक अभियंता कृष्णा राव पात्रो द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय एवं शिक्षकगण राकेश कुमार सोनी, महेश उईके, द्वारिका चंद्रवंशी, पुनमचंद्र ठाकुर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को दैनिक जीवन में बढ़ाने का संदेश दिया।

## किशुनगढ़ में निःशुल्क नेत्र मेगा जांच शिविर सम्पन्न




**हरिभूमि कवर्धा।** ग्रामीण समुदायों में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से जन-कल्याण सामाजिक संस्थान एवं उदयाचल हॉस्पिटल राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र वसंत रूरल आई हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत पंडरिया ब्लॉक के ग्राम किशुनगढ़ में निःशुल्क नेत्र मेगा जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय निवासियों की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रभावी बनाया। शिविर में कुल 86 लाभार्थियों का विस्तृत नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 29 मोतियाबिंद मरीजों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन हेतु उदयाचल हॉस्पिटल राजनांदगांव में उपचार प्राप्त करने के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह पहल विशेष रूप से उन ग्रामीणों के लिए राहत प्रदान करने वाली है, जिनके लिए उच्च स्तरीय नेत्र चिकित्सा तक पहुंचना कठिन होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं समुदायिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में देवलाल बंजारे, नेत्र सहायक अधिकारी सौरभ, आरएमए श्री चंद्रवशी, सीएचओं, कार्यकर्ता व मितानिन एवं जन-कल्याण सामाजिक संस्थान के समर्पित कार्यकर्ता जन कल्याण सामाजिक संस्थान ने कहा कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र सुरक्षा, स्वास्थ्य जन-जागरूकता तथा निःशुल्क उपचार सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए भविष्य में और भी नेत्र शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

# विद्यार्थियों ने किया इवेन्जेलिकल मिशन हास्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित व्यावसायिक शिक्षा के कक्षा 9 वीं से12 वीं के हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने इवेन्जेलिकल मिशन हास्पिटल तिल्दा- नेवरा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान चिकित्सालय के प्रबन्धक डॉ.सूजय किरण टैडी के द्वारा चिकित्सालय प्रबंधन पर सेमिनार का आयोजन किया गया। नर्सिंग अधीक्षक अल्पना मसीह ने विद्यार्थियों को अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे ओ.पी.डी.,एक्स-रे,पैथोलॉजी लैब,ओ.टी.,आदि का भ्रमण कराया साथ ही उनके गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अंत मे स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य प्रिया गुड्डे ने नर्सिंग कैरियर पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही सभी विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस भ्रमण के लिए संस्था प्राचार्य कविता बाजपेई का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, एवं संस्था की शिक्षिकाओं व्ही.कोल्हे, अराधना जोसेफ तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक मांडवी साहू का विशेष योगदान रहा।

## तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया

**हरिभूमि कोलेगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान राज्य में प्रारंभ किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के तहत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार के निर्देशों पर नायब तहसीलदार नेहा ने पेण्ड्रीकला सर्कल के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के कार्य का सघन पर्यवेक्षण किया। इस दौरान सभी बीएलओ ने एक स्थान पर बैठकर अपने पास एकत्र गणना प्रपत्रों का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार नेहा ने उपस्थित बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि यह एक राष्ट्रीय कार्य है। उन्होंने सभी से पूर्ण मनोयोग से इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। जिससे शुद्ध और पारदर्शी निर्वाचन नामावली के निर्माण में सहयोग मिल सके। वहीं पेण्ड्रीकला सर्कल अभिहित अधिकारी बैजनाथ चंद्राकर ने बताया कि दोपहर 1 बजे तक सभी बीएलओ ने एक जगह बैठकर अपने पास एकत्र सभी गणना प्रपत्रों को भरकर अपलोड करते है। इस अवसर पर बीएलओं बिन्दा बंजारे संतोषी चंद्राकर, सुलोचना चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, रामप्रसाद सिंगरौल, मनीषा डाहिरे रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम सपंन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के तत्वाधान पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में सप्त शक्ति संगम (मातृ सम्मेलन) का आयोजन गत दिनों 19 नवम्बर को आयोजित किया गया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा भारतीय संस्कृति के विद्या अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती ब्रह्म स्वरूप ओम एवं जगत जननी भारत माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि परिचय एवं स्वागत के पश्चात विद्यालय की बहनों ने हम ही मातृशक्ति है इस गीत को गाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान की मंत्री श्रीमती राजश्री वैद्य ने अपने वक्तव्य में उपस्थित माताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय दृष्टिकोण में कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक, समरसता, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य एवं नारी शक्ति के विषय में प्रकाश डालते हुए पारिवारिक मूल्य और संबंधो को मजबूत करना सबका कर्तव्य है, ताकि विश्व में वसुधैव कुटुंबकम की भावना जागृत हो सके। उन्होंने मीराबाई, जीजामाता, अहिल्या बाई, भगिनी निवेदिता, लक्ष्मीबाई जैसे वीरांगनाओं का उल्लेख करते हुए नारी शक्ति के त्याग, पराक्रम और राष्ट्र भक्ति का प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेखा पाण्डेय, संतोष पाण्डेय सांसद की धर्म पत्नी ने माताओं की जीवन शैली में परिवर्तन लाने की बात कही। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती कामती सिंह परिहार प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय स.लोहारा, श्रीमती ममता चन्द्रवंशी, श्रीमती दीपान्विता जैन, श्रीमती मधु चन्द्रवंशी, सुश्री नेहा ठाकुर उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संयोजिका डॉ संगीता जैन, अध्यक्ष श्री संत कबीर शिक्षण समिति सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा ने समस्त अतिथियों को श्रीफल और मोमेंटो भेटकर सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की 13 बहनों के द्वारा वीरांगना के वेष में वीरांगनाओं के अनमोल वाणी प्रस्तुत किए। सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में 631 की संख्या में कवर्धा नगर की माताएं व बहनें उपस्थित थें। विद्यालय के संचालक हरीश लूनिया के कुशल मार्ग दर्शन में सप्तशक्ति संगम का आयोजन सफल रहा। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य दुर्गेश श्रीवास्तव ने दी।

### अपार आईडी प्रगति, आरटीई मेंटर्स के दायित्व एवं अर्धवार्षिक परीक्षा रणनीति पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन, बेहतर परीक्षा परिणाम तथा शिक्षा संबंधी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, रानी दुर्गावती चौक कवर्धा के सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा द्वारा की गई। बैठक में डाइट, डीएमसी, सहायक कार्यक्रम समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक एवं जिले के समस्त प्राचार्यगण उपस्थित थें।

## धान खरीदी में डिजिटल क्रांति, किसानों ने 80 प्रतिशत से अधिक टोकन ऑनलाइन कटवाए

# खरीदी 1 लाख क्विंटल के पार, किसानों को 26 करोड़ से अधिक का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

धान खरीदी प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुविधाजनक और तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से लागू की गई टोकन तूंहर हाथ योजना किसानों के लिए बड़ी राहत बनकर उभरी है। इस डिजिटल व्यवस्था ने किसानों को समितियों में लंबी कतारों और बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी से मुक्त कर दिया है। अब किसान घर बैठे, अपनी सुविधा अनुसार ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर आसानी से धान बेचने पहुंच रहे हैं।



15 नवंबर से शुरू हुई खरीदी के दौरान अब तक कुल 3639 किसानों ने धान बेचने हेतु टोकन कटवाए, जिनमें से 2964 टोकन यानि लगभग 81 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किए गए। इससे किसानों को समिति में जाकर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। उनके समय, मेहनत और परिवहन खर्च की बचत हो रही है। नियत तारीख का टोकन मिलने से सीधे समिति पहुंचकर धान बेचने की सुविधा मिलने से किसानों को सहूलियत है। खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जितने टोकन कटे है उतने ही किसानों के आने के कारण भीड़ कम होने से व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित है। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से न केवल किसान लाभान्वित हुए हैं बल्कि खरीदी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो गई है।

कबीरधाम जिले में इस वर्ष धान खरीदी को लेकर किसानों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। 15 नवंबर से अब तक जिले में 1,12,305 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। खरीदी के साथ-साथ भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। अब तक किसानों के खातों में 26 करोड़ 66 लाख रुपए का भुगतान हस्तांतरित किया जा चुका है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों में धान खरीदी व्यवस्थाओं को लेकर भरोसा मजबूत किया है।

## खबर संक्षेप

### खड़गांव में क्रिकेट स्पर्धा एक से

**खड़गांव।** ग्राम में आगामी एक दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता रखा गया है। स्पर्धा में आसपास की क्रिकेट टीमों को आमंत्रित किया जा रहा है। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। ग्राम के लक्की गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता की व्यापक तैयारियां की जा रही है। पहले चरण में मैदान समतल किया जा रहा है। तैयारी में लक्की गुप्ता, बाबा खान, तोरण लाटिया, शत्रु निषाद, देव ठाकुर, हबीब खान, सेंटी आदि जुटे हैं। आगामी एक दिसंबर को प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा।

### सीजी पीएससी के टॉपर देवेश का स्वागत

**तुमडीबोड़।** छत्तीसगढ पीएससी में धनोरा निवासी देवेश साहू ने प्रथम रैंक हासिल किया है। जब परिणाम घोषित हुआ तब देवेश ग्राम के प्रवास पर थे। ग्राम में उनकी बहन भूमिका साहू कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ है। उनके प्रवास की जानकारी मिलने पर तहसील साहू संघ के संरक्षक अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, थानूराम साहू, राजेश साहू, दीपक साहू, डोमेश्वर साहू, ढालदास साहू, भुनेश्वर देवांगन, समीर शेख ने मुलाकात कर सफलता के लिए बधाई दी। विदित हो कि देवेश साहू धनोरा निवासी होलधर प्रसाद साहू के सुपुत्र है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा बीएसपी स्कूल भिलाई में हुई। मेकनिकल इंजिनियरिंग की पढ़ाई शासकीय इंजिनियरिंग कालेज जगदलपुर से किया, तत्पश्चात वह पीएससी की तैयारी कर रहे थे। चौथे प्रयास में उन्होने प्रथम रैंक हासिल किया।

### नचनिया में धान खरीदी प्रारंभ

**साल्हेवारा।** सेवा सहकारी समिति नचनिया में बुधवार को धान खरीदी की शुरुआत हुई। मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, सोसायटी अध्यक्ष ललित सोनी ने मां अन्नपूर्णा एवं तराजू की पूजन अर्चन कर राकेश वर्मा से खरीदी की शुरुआत की। नचनिया उपार्जन केंद्र में लगभग 22 सौ किसान पंजीकृत है। बुधवार के लिए 21 किसानो ने आनलाइन टोकन लिए थे, लेकिन 16 किसान ही बेचने उपार्जन केंद्र पहुंचें। इस अवसर पर नोडल अधिकारी जेएस मेरावी, पटवारी राजेंद्र साहू, मनराखन डेहरिया,रामलाल जंघेल, विक्की, कमलेश वर्मा, घसियाराम, सालिकराम, सुखन साहू, भुवन नायक, रामकुमार चौरे, चंद्रेश पटेल, सुरेश सहिंत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### पढ़ाई के लिए 3 किमी का सफर

**डोंगरगांव।** गांव गांव शिक्षण सुविधा के दावों के बीच ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम खम्हेरा के छोटे बच्चों को माध्यमिक स्तर की पढ़ाई के लिए करीब 3 किमी दूरी तय करना पड़ रहा है। यहां के बच्चे ठंड, बारिश और गर्मी के बीच पढ़ने तिलईरवार जाते हैं।बच्चों की परेशानी को देखते हुए ग्राम में सालों से मिडिल स्कूल खोलने की मांग की जा रही है जो अब तक पूरी नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाले खम्हेरा के करीब 100 छात्र छात्राएं मिडिल स्तर की पढ़ाई के लिए करीब 3 किमी दूर स्थित ग्राम तिलईरवार जाते है। इन बच्चों को हर सीजन में परेशान होना पड़ता है। बच्चे ठंड और बारिश के दिनों में सर्वाधिक परेशान होते हैं।

**स्पर्धा :** विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और सफलता के टिप्स से किया गया सशक्त

# खण्डसरा हायर सेकंडरी में प्रतियोगी परीक्षा करियर काउंसिलिंग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- शिक्षकगण और विशेषज्ञों ने दी मार्गदर्शन, छात्रों में उत्साह का संचार

कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के मार्गदर्शन के लिए हायर सेकंडरी स्कूल खण्डसरा विद्यालय परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए केन्द्रित करियर काउंसलिंग शिविर 2025 आयोजित हुई जिसमें टीम प्रमुख डॉ बी रघु, उपसचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के साथ पवन कुमार सिंह, विक्रम ताम्रकार प्रतियोगी परीक्षा विशेषज्ञ दुर्ग, अभिषेक शर्मा, मृणाली पात्रेकर कामर्स विशेषज्ञ सम्मिलित थे।

इस दौरान सर्वप्रथम शिक्षक तीरथ डहरे, खोवा लाल ढीमर के निर्देशन में गणित ,कामर्स संकाय, कक्ष में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित शिक्षण अधिगम सामग्री का अवलोकन कर प्रभावित हुए। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम में मां शारदा की स्तुति कर आगंतुकों के स्वागत में कु हेमा, मधु , अनिकेत व साथी छात्रों ने वाद्य यंत्रों के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किए, साथ ही शाला विकास समिति के बुधराम रजक, अशोक जायसवाल, पूनम चौहान को डॉ.बी.रघु उपसचिव छ. ग.मा.शिक्षा मंडल ने माल्यार्पण कर सम्मानित कर उनके स्कूल के प्रति समर्पण को साराह, वही विद्यालय के प्राचार्य महेश साहू, नीलम तिवारी,महादेव कौशल, नीरज पांडेय, अरविंद सोनी, विकास चौबे, रोहित वर्मा गोदावरी साहू, चमेली निर्मलकर, ममता ध्रुव, नम्रता वर्मा ने बुके भेंट कर विशेषज्ञों की टीम स्वगत किए। वही डॉ बी. रघु ने छात्रों को अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिये छात्र जीवन से ही क्रमशः विजन, मिशन, के साथ गोल प्राप्त करने के टिप्स दिये व सफलता के लिये शॉर्टकट से दूर रहने की सलाह दिए। प्रतियोगी परीक्षा विशेषज्ञ पवन सिंह ने मोबाइल से संबंधित सभी विषयों की जानकारी देते हुए सतर्कता के साथ ज्ञानवर्धक जानकारी को प्राप्त करते रहने के साथ अध्ययनशील रहने को कहा। भौतिक, गणित विशेषज्ञ ने छात्रों को अभी से ही नियमित प्रश्नों के उत्तर जानने की जिज्ञासा जीवित रखने की आवश्यकता बताई, कॉमर्स विशेषज्ञ ने छात्रों को नौकरी करने की अपेक्षा नौकरियां प्रदान करने के योग्य बनने हेतू टिप्स दिए। अभिषेक शर्मा ने पढ़ाई के साथ तनाव कम करने के लिए प्राणायाम, योग, व्यायाम को अभी से दिनचर्या का हिस्सा बनाने को कहा। समापन समारोह में आगंतुक वक्ताओं को विद्यालय के महेश साहू प्राचार्य, नीलम तिवारी, शाला समिति के अशोक जायसवाल पूनम चौहान, अश्वनी बनर्जी,गर्वेंद्र धृतलहरे, इरफ़ान खान ,विकास चौबे, हेमंत यदु, हरिनारायण देशमुख एवं बसन्ती ने सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ शिक्षक अजय शर्मा थे। कार्यक्रम में खण्डसरा संकुल के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे जिसे पृथक से उपसचिव डॉ रघु ने शिक्षकों से चर्चा की कार्यक्रम संचालक श्रद्धा चंद्राकर ने सभी छात्रों को अभी से ही भविष्य के लिए सजग होने कहा। अंत में चिकित्सक छात्रों के अध्ययन के लिये मृत्युउपरांत देहदान करने वाले सेवानिवृत शिक्षक मनोज कुमार बक्शी को उपसचिव छ. ग.मा.शिक्षा मंडल रायपुर, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी बनर्जी, आगंतुक वक्ताओं सहित संकुल शिक्षकों ने बक्शी जी की साहसिक कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किये। प्राचार्य महेश साहू ने उपस्थित जनों का धन्यवान ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिकार मित्रों की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रधान जिला न्यायाधीश ने दिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

आगामी नेशनल लोक अदालत के सुचारू और सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा अधिकार मित्रों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरोज नंद दास, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा ने की। इस अवसर पर अनिता कोशिमा रावटे, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि राजीनामा योग्य सिविल एवं दाण्डिक प्रकरण, घरेलू हिंसा अधिनियम से संबंधित प्रकरण, धारा 138 परकाम्य लिखित अधिनियम (चेक बाउंस) के मामले, राजस्व प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जलकर, विद्युत बिल, टेलीफोन बिल से जुड़े मामले लोक अदालत के माध्यम से सस्ते, सरल और शीघ्र न्याय का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अतः अधिकार मित्र आमजन को आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने हेतु प्रेरित करें।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोक अदालत के लाभों की जानकारी पहुँचाने के लिए हाट-बाजार, चौक-चौराहे, बस स्टैंड एवं सार्वजनिक स्थलों पर बैनर/पोस्टर लगाए जाएं, संबंधित विभागों में जनजागरूकता सामग्री प्रदर्शित की जाए, डोर-टू-डोर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाए। बैठक में उपस्थित सभी अधिकार मित्रों को अधिक से अधिक प्रकरण लोक अदालत में प्रस्तुत कराने तथा आम जनता को इसके फायदे बताकर न्याय तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# पुरखा के सुरता औक अक्ति उत्सव में शामिल हुए मंत्री दयालदास व पूर्व सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम खम्हरिया(मऊ) में आयोजित पुरखा के सुरता और अक्ति उत्सव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री दयालदास बघेल शामिल हुए. बता दें कि पूर्वजों की स्मृति में पाण्डेय और दीवान परिवार की ओर से आयोजित होने वाला पुरखा के सुरता कार्यक्रम का यह छठवां वर्ष है. इस वर्ष 7 दिवसीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन किया गया है. साथ अक्ति(बेटी) उत्सव का यह पहला वर्ष है।

15 से 22 नवंबर तक आयोजित आयोजन का समापन आज पूर्ण आहुति के साथ होगा. इस आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए और उन्होंने यज्ञ भगवान की पूजा-अर्चना कर यज्ञाचार्य पं. नंदकुमार चौबे से आशीर्वाद प्राप्त किया. और गाँववालों से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मंत्री दयालदास बघेल भी आयोजन में शामिल होने के लिए पाण्डेय परिवार के निज निवास पहुँचे. उन्होंने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर आयोजन को जग कल्याण के लिए महत्वपूर्ण बताया. मंत्री ने यज्ञाचार्य से आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजन के लिए पाण्डेय परिवार को बधाई दी. इस दौरान खम्हरिया सहित कई गाँव के सरपंच और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. उन्होंने गाँव वालों से कई विषयों पर चर्चा की. स्कूली बच्चों ने भी मुलाकात अपनी मांगों से अगवत कराया।

# डाइट बेमेतरा में डीएलएड की पूरक परीक्षा प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- डाइट प्राचार्य घृतलहरे व उप प्राचार्य बंजारे ने भी किया निरीक्षण

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में डीएलएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की पूरक परीक्षाएं प्रारम्भ हो गई। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित ये परीक्षाएं सुबह की पालियों में संचालित की जा रही है।

जिले के सबसे बड़े अकादमिक संस्थान डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में परीक्षाएं संचालित की जा रही है। आज पहले दिन छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 6 सदस्यों ने परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिनमें जितेंद्र कुमार सिंह, ऋषि कश्यप, एल डी दुबे, चन्द्रकांत तिवारी, दीक्षा गंगराडे, अनिल दास गुप्ता ने निरीक्षण किया। कोई भी नकल का प्रकरण नहीं पाया गया। परीक्षा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित संचालित होते पाया गया। डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने भी केंद्राध्यक्ष कविता बाचपेयी, उप प्राचार्य डॉ कमल कपूर बंजारे के साथ प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा का निरीक्षण किया। आज अंग्रेजी भाषा का पेपर था। आज तीनों छात्राध्यापक परीक्षा में उपस्थित थे। आज अंग्रेजी भाषा का पेपर अपेक्षाकृत कठिन रहा। पर्यवेक्षक को आवश्यक निर्देश भी दिये। डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की सभी विषयों की पूरक की परीक्षाएं शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होना पाया गया। प्राचार्य ने आज परीक्षा देने वाले सभी छात्राध्यापकों को उनके उज्ज्वल व सुखद भविष्य की कामना के साथ उन्हें हार्दिक शुभकामना दी। दोनों वर्ष की पूरक की परीक्षाएं प्रातः 8:00 से 11:15 तक संचालित हो रही है। परीक्षाएं छोटे हाल में संचालित की जा रही है। डाइट के छोटे हॉल में 03 छात्राध्यापकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। जिसमें 2 पर्यवेक्षक की व्यवस्था की गई है। पूरक परीक्षा के लिए संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता व पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी को सहायक केंद्राध्यक्ष बनाया गया है।

### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

साथ ही संस्थान के व्याख्याता डॉ बसुबंधु दीवान को परीक्षा समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि परीक्षा कार्य में सहयोगी के रूप में कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा ने कार्यालयीन कार्य में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे है। आज पर्यवेक्षक के रूप में संस्थान की व्याख्याता श्रद्धा तिवारी और कीर्ति घृतलहरे ने परीक्षा में सहयोग प्रदान किया।

# पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेल स्पर्धा का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- 8 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं में चार दिन तक चलेगी खेलों की प्रतिस्पर्धा
- नए मैदान और विशेष लाइटिंग से बढ़ा छात्रों का उत्साह

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया, बेमेतरा में पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 26 से 29 नवंबर तक किया जा रहा है। महाविद्यालय पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है, जिसके कारण परिसर में उत्साह और तैयारियों का विशेष माहौल बना हुआ है। प्रतियोगिता को सफल और भव्य बनाने के लिए महाविद्यालय में तैयारियाँ जोरों पर हैं। गौरतलब है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ पश्चिमी क्षेत्र के 8 कृषि महाविद्यालयों के प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चार दिनों तक चलने वाली इस खेल महोत्सव में कुल 12 विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से बैडमिंटन, हाई जंप, लॉन्ग जंप, रिले रेस, खो-खो, कबड्डी सहित कई अन्य प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। महाविद्यालय के ने बताया कि आज के समय में खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि करियर और सम्मान का मार्ग भी बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहले खेलों को उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन अब परिस्थितियाँ बदल गई हैं और छात्र-छात्राएँ खेलों में अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क को बढ़ावा देना है । खो-खो और कबड्डी के लिए नए मैदानों को तैयार किया जा रहा है, रेस ट्रैक को दुरुस्त किया गया है तथा बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसे इनडोर खेलों के लिए रात में भी मैच करवाने हेतु विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

### छात्र-छात्राओं में देखने को मिला खास उत्साह

प्रतियोगिता को लेकर कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। परिसर में सुबह से शाम तक अभ्यास जारी है और प्रतिभागी अपने-अपने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन की तैयारी में जुटे हुए हैं। चार दिवसीय यह अंतर महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता बेमेतरा जिले के लिए एक ऐतिहासिक अवसर माना जा रहा है, जो क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# भाजपा बेमेतरा की एसआईआर के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




- जनमानस में जागरूकता और 2003 मतदाता सूची से मिलान पर विशेष ध्यान

प्रदेश में चल रहे एसआईआर पर भाजपा संगठन जुटा हुआ है। जिसे लेकर जिला भाजपा कार्यालय में इस मतदाता सूचि के गहन पुनरीक्षण एवं निरीक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा, मंत्री दयाल दास बघेल,जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू की मौजूदगी में प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य वक्ता के तौर पर आए भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने इस दौरान कार्यशाला में शामिल कार्यकर्ताओ एवं पार्टी के नियुक्त बीएलए कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची में शामिल नामो को 2003 की मतदाता सूची से कैसे मिलान कर फ़ार्म भरना एवं जनमानस से एसआईआर पर जागृत करने की टिप्स दिए। मंत्री दयाल दास बघेल ने एस आई आर के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। जिला अध्यक्ष अजय साहू द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को एस आई आर कार्यक्रम के लिए आम जन के सहयोग के लिए दिशा निर्देश दिए। विधायक साजा ईश्वर साहू एवं विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ने भी एस आई आर के संदर्भ में अपने अपने विचार प्रस्तुत किये एवं वंदे मातरम् गीत के 150 साल पूर्ण होने पर वंदे मातरम् गीत का गायन कर वंदे मातरम गीत की महत्ता को बताया। कार्यक्रम के पश्चात नव नियुक्त पदाधिकारीयो का भाजपा गमछा एवं गुल माला पहना कर सम्मानित किया गया ।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यशाला में प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक अवधेश चंदेल,नरेंद्र वर्मा, होरी लाल सिंहा,जिला उपाध्यक्ष अंजू बघेल ,राजेश जैन प्रणीश रजक ,महेश साहू, बल्लू साहू एवं जिला कोषाध्यक्ष तानसेन पटेल ,जिला महा मंत्री पोषण वर्मा ,राजेश ठाकुर सहित मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। एस आई आर कार्यक्रम के बेमेतरा जिला प्रभारी हर्षवर्धन तिवारी द्वारा मंच संचालन किया गया ।

**आने वाले संगठन सृजन अभियान को लेकर बनी रणनीति**

# साजा में हुई युवा कांग्रेस विधानसभा कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा




कल कांग्रेस भवन साजा में रविन्द्र चौबे पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में अंजोर यदु अध्यक्ष विधानसभा साजा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सह प्रभारी डॉ मोनिका मंडरे, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के मुख्य आतिथ्य में साजा विधानसभा में युवा कांग्रेस विधानसभा कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में का मुख्य उद्देश्य आने वाले में संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन विस्तार करने जिसमें बूथ स्तर में जाकर युवाओं को जोड़ने की बात कही गई, वही देश के राष्ट्रव्यापी ज्वलंत वोट चोरी के मुद्दे व प्रदेश की भाजपा सरकार की असफलता से निर्मित स्थानीय मुद्दे जैसे धान खरीदी में हो रही परेशानी, अवैध शराब की बिक्री, भ्रष्टाचार एवं अन्य मुद्दे को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने की रणनीति बनाई गई वही प्रदेश में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाताओं को सहयोग करने हेतु युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से प्रभारी ने अपील किया है एवं युवा कांग्रेस के आगामी कार्यों योजनाओं, रणनीतियों को लेकर दिशा निर्देश दिया गया।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संगठन प्रभारी गुलजेब अहमद, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी शशांक साहू, प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी, प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, जिला अध्यक्ष प्राजंल तिवारी, मनोज जायसवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत साजा,पूर्व जिला अध्यक्ष राजा चौबे, पूर्व अध्यक्ष शमशीर कुरैशी, राजू चौहान, ईश्वर वर्मा, बलकरण वर्मा,अतुल शर्मा, टुकेश देशमुखदिनेश साहू,दीपक साहू,पोषणवर्मा,राधे वर्मा,दीपांशु निषाद,खिलावन साहू,अभिषेक साहू एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

